Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

वर्ष- 28 अंक- 314 रायपुर, मंगलवार 9 दिसम्बर 2025 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




## इंडिगो पर एक्शन शुरू: डीजीसीए ने उड़ानों में 5 प्रतिशत कटौती का लिया फैसला



**नई दिल्ली,** 9 दिसंबर (न्यूज चैनल)। इंडिगो की बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन और परिचालन अव्यवस्था के बाद कंपनी के खिलाफ केंद्र सरकार का एक्शन शुरू हो गया है। इंडिगो के अचानक बढ़े फ्लाइट कैंसिलेशन और यात्रियों की परेशानियों के बीच डीजीसीए ने बड़ी कार्रवाई करते हुए इंडिगो की उड़ानों में 5त्न कटौती की है। इसका मतलब है कि रोजाना चलने वाली करीब 110 फ्लाइट्स अब दूसरी एयरलाइंस को अलॉट की जा सकती हैं। इंडिगो पर लिए गए इस बड़े फैसले ने पूरे एविएशन सेक्टर को हिला दिया है। वहीं डीजीसीए का फैसला यात्रियों के लिए भी थोड़ी राहत की उम्मीद लेकर आया है।

बता दें कि भारत के एविएशन सेक्टर में इन दिनों हलचल मची हुई है। 2 दिसंबर से इंडिगो में शुरू हुए बड़े पैमाने पर फ्लाइट कैंसिलेशन के बाद यात्रियों का गुस्सा बढ़ता जा रहा है. इसी बीच डीजीसीए ने कड़ा कदम उठाते हुए बड़ा फैसला लिया है। डीजीसीए का कहना है कि इंडिगो

### अब यात्रियों को मिलेगी राहत

पिछले कई दिनों से नए फ्लाइट ड्यूटी टाइम नियमों और क्रू की कमी की वजह से लगातार रुकावटों का सामना कर रही थी। फ्लाइटें कैंसल होने से एयरपोर्ट्स पर अफरातफरी मच गई और लाखों यात्री फंस गए। ष्ठत्रष्ट ने एयरलाइन से साफ शब्दों में कहा है कि जब तक उसका क्रू और ऑपरेशन स्थिर नहीं हो जाता, तब तक वह कम शेड्यूल पर ही चले। अधिकारिक सूत्रों के मुताबिक एयरलाइन को इस बारे में बता दिया गया है और कौन-कौन सी उड़ानें कम की जाएंगी, इसकी सूची तैयार की जा रही है।

दरअसल एक दिन पहले हीसिविल एविएशन मिनिस्टर राम मोहन नायडू ने संसद में कहा कि सरकार इस मामले को हल्के में नहीं ले रही है। अगर इंडिगो की लापरवाही साबित होती है, तो कंपनी के अकाउंटेबल मैनेजर को तीन साल की जेल या 1 करोड़ तक का जुर्माना, या दोनों हो सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने भी इसे 'गंभीर मामला' बताते हुए कहा कि अब तक 5,000 से ज्यादा फ्लाइटें कैंसल हो चुकी हैं और 6 लाख से अधिक यात्री प्रभावित हुए हैं। डीजीसीए चाहती है कि इंडिगो की कटौती से बनी खाली जगह को एयर इंडिया, अकासा एयर और स्पाइसजेट जैसी एयरलाइंस भरें। एयर इंडिया ने तो घरेलू रूट्स पर वाइड-बॉडी प्लेन लगाने भी शुरू कर दिए हैं, ताकि ज्यादा से ज्यादा यात्री ट्रैवल कर सकें। साथ ही, डीजीसीए ने किरायों पर भी कंट्रोल लगा दिया है. 500 किमी तक का टिकट अधिकतम 7,500 और 1,0001,500 किमी जैसी दूरी पर अधिकतम 15,000 तक हो सकता है। इस कदम से संकट के दौरान यात्रियों से गलत तरीके से अधिक किराया वसूलने पर रोक लगेगी।

## अनियंत्रित होकर पलटी तेज रफ्तार कार 2 दोस्तों की मौके पर ही मौत, 4 गंभीर



**बिलासपुर,** 9 दिसंबर (हाईवे चैनल)। खाना खाने ढाबा जा रहे दोस्तों की तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई. जिससे कार सवार दो छात्र की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, चार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए. घायल युवकों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घटना कोनी थाना क्षेत्र की है. कोनी पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

सक्ती जिले के डभरा क्षेत्र के ग्राम खरकेना के रहने वाले आर्यन रत्नाकर के मुताबिक वह एलएलबी का छात्र है. उनका बड़ा भाई ईशु रत्नाकर पीएससी की तैयारी कर रहा था. दोनों यहां बिलासपुर में साथ रहकर पढ़ाई करते थे. ईशु अपने दोस्त बेमेतरा जिले के जैतपुरी निवासी भास्कर राजपूत, अभिषेक वर्मा, शेखर चंद्रवंशी, श्याम सिंह राजपूत और एक अन्य के साथ खाना खाने के लिए रतनपुर रोड की तरफ जा रहे थे. कार को ईशु रत्नाकर चला रहा था और भास्कर राजपूत उसके बाजू वाली सीट पर बैठा था. बाकी दोस्त पीछे बैठे थे. उनकी कार कोनी थाना पार कर आगे बढ़ी इस दौरान उनकी कार काफी तेज रफ्तार में थी. कुछ दूर आगे जाकर सेंदरी से पहले उनकी कार अचानक अनियंत्रित हो गई, और सड़क से नीचे उतरकर पलट गई. रफ्तार इतनी तेज थी, कि कार तीन बार गुलाटी मारते हुए सड़क से दूर झाड़ियों में जा घुसी. हादसे में कार चला रहे ईशु और साथ बैठे भास्कर राजपूत की मौके पर ही मौत हो गई. वहीं, उनके चार साथी गंभीर रूप से घायल हो गए. राहगीरों ने घटना की जानकारी कोनी पुलिस को दी. सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची, और घायलों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

## ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 2 युवकों की मौत, एक की हालत गंभीर



### नेशनल हाईवे पर हादसा

**कांकेर,** 9 दिसंबर (हाईवे चैनल)। नेशनल हाईवे 30 पर दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जहां ट्रक की टक्कर से बाइक सवार 2 युवकों की मौत हो गई। वहीं एक की हालत गंभीर है। यह हादसा सोमवार देर शाम नाथियानवागांव के पास हुआ। तीनों युवक खमदौडगी गांव के रहने वाले हैं। हादसे की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर है। पूरा मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। घटना की सूचना मिलते ही हाइवे पेट्रोलिंग टीम मौके पर पहुंची और तीनों युवकों को जिला कोमलदेव अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने दो युवकों को मृत घोषित कर दिया। एक युवक का उपचार जारी है। दोनों मृत युवकों के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आई थीं, जबकि घायल युवक के पैर में गहरी चोट है और उसका घुटना टूट गया है। पुलिस ने घटना स्थल से क्षतिग्रस्त बाइक बरामद की है। वहीं अज्ञात वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### राऊज़ एवेन्यू कोर्ट ने जारी किया सोनिया गांधी को नोटिस

**नई दिल्ली,** 9 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। राउज़ एवेन्यू स्थित सत्र न्यायालय ने मंगलवार को सोनिया गांधी को एक पुनरीक्षण याचिका पर सुनवाई करते हुए नोटिस जारी किया। यह पुनरीक्षण याचिका मजिस्ट्रेट के सितंबर के उस आदेश को चुनौती देती है जिसमें 1980-81 की मतदाता सूची में सोनिया गांधी को गलत तरीके से शामिल करने का आरोप लगाने वाली एक शिकायत को खारिज कर दिया गया था। सत्र न्यायाधीश विशाल गोगने ने पुनरीक्षणकर्ता की ओर से प्रारंभिक प्रस्तुतियाँ सुनने के बाद यह निर्देश दिया। पुनरीक्षणकर्ता विकास त्रिपाठी की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग ने तर्क दिया कि इस मामले पर पुनर्विचार आवश्यक है क्योंकि रिकॉर्ड में प्रस्तुत सामग्री से संकेत मिलता है कि भारतीय नागरिक बनने से पहले सोनिया गांधी का नाम मतदाता सूची में दर्ज करने के तरीके में गंभीर अनियमितताएँ थीं। उन्होंने दलील दी कि 1980 की मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के लिए कुछ दस्तावेजों में जालसाजी और हेराफेरी की गई होगी, और इस बात पर ज़ोर दिया कि बाद में उनका नाम हटा दिया गया और फिर जनवरी 1983 में दायर एक आवेदन के आधार पर 1983 में फिर से दर्ज किया गया। उनके अनुसार, दोनों ही घटनाएँ उनके नागरिकता प्राप्त करने से पहले की हैं।

### फंड रोकने से नहीं रुकेगा बंगाल का विकास : ममता बनर्जी

**नई दिल्ली,** 9 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को केंद्र पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार को किसी सहायता की आवश्यकता नहीं है और सभी कल्याणकारी योजनाओं को स्वतंत्र रूप से चलाना जारी रखेगी। उन्होंने एनआरसी और सीएए के प्रति अपने कड़े विरोध को भी दोहराया और घोषणा की कि बंगाल कभी भी डिटेंशन कैंप की अनुमति नहीं देगा। एक जनसभा को संबोधित करते हुए, बनर्जी ने कहा कि हमें केंद्र से किसी मदद की आवश्यकता नहीं है; हम सभी योजनाएँ स्वयं चला रहे हैं। परसों, उन्होंने (केंद्र ने) हमें एक नोटिस जारी कर 6 दिसंबर तक तिमाही श्रम बजट जमा करने को कहा था। लेकिन मैं कहना चाहती हूँ कि आपके नोटिस का कोई महत्व नहीं है।

## राज्यों में एसआईआर के काम में 'बाधा' पर अदालत सख्त कहा- चुनाव आयोग संज्ञान में लाए, हम आदेश पारित करेंगे



**नई दिल्ली,** 9 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। उच्चतम न्यायालय ने पश्चिम बंगाल और अन्य राज्यों में बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) को धमकाने के अलावा चुनाव आयोग की तरफ से कराए जा रहे मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के काम में कथित तौर पर बाधा डालने की घटनाओं को गंभीरता से लिया है। अदालत ने एक मामले की सुनवाई के दौरान निर्वाचन आयोग से मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य में विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा सहयोग की कमी को गंभीरता से लेने को कहा। सर्वोच्च अदालत ने कहा, अगर हालात और बिगड़ते हैं तो पुलिस तो तैनात करने के अलावा कोई रास्ता नहीं बचेगा। इस पर चुनाव आयोग ने कहा कि उनके पास सभी सांविधानिक शक्तियां हैं, जिससे हम बीएलओ और अन्य अधिकारियों को धमकाने की घटनाओं से डील कर सकते हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इससे निपटें वरना इन हालातों से अराजकता हो सकती है। चुनाव आयोग ने सोमवार को पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के कामकाज की निगरानी के लिए पांच वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों को स्पेशल रोल ऑब्जर्वर (एसआरओ) नियुक्त किया है। अधिकारियों ने बताया कि यह कदम एसआईआर प्रक्रिया में पारदर्शिता बढ़ाने के लिए उठाया गया है।

## ड्यूटी से घर लौट रहे श्रमिक को अज्ञात ट्रक ने रौंदा

**भिलाईनगर,** 9 दिसंबर (हाईवे चैनल)। नंदिनी थाना अंर्तत ग्राम- बासिन पुलिया के पास ड्यूटी से घर लौट रहे एक श्रमिक को अज्ञात वाहन ठोकर मार दी. इस दुर्घटना में श्रमिक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई. नंदिनी पुलिस 1ह्व मामले में अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है. नंदिनी पुलिस ने बताया कि राहुल निर्मलकर (19 वर्ष) निवासी ग्राम बानबरद, संतोषी चौक 6 दिसंबर को अपने वाहन मोटर साइकिल से हथखोज जेटवर्क कंपनी से काम कर अपने घर ग्राम बानबरद आ रहा था . अहिवारा से पावर हाउस जाने वाली रोड मे बासीन पुलिया के पास रात 8.40 बजे पहुंचा था. पीछे से आ रही अज्ञात ट्रक चालक वाहन को तेजी व लापरवाही पूर्वक खतरनाक ढंग से चलाते हुए पीछे से ठोकर मारकर फरार हो गया. इस दुर्घटना में राहुल निर्मलकर के सिर में गंभीर चोट आने से मौके पर ही मौत हो गई. रिपोर्ट पर पुलिस अज्ञात ट्रक चालक के विरूद्ध धारा 281,106 (1)बीएनएस, 184 मो. व्ही. एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना कर रही है.

## वरिष्ठ कांग्रेस नेता सुभाष धुप्पड़ नहीं रहे



- मुंबई में चल रहा था इलाज
- आज रायपुर में अंतिम संस्कार

**रायपुर,** 9 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ कांग्रेस नेता और आरडीए के पूर्व अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ का आज मुंबई में निधन हो गया। वे 75 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। उनका मुंबई के अस्पताल में इलाज चल रहा था। वरिष्ठ कांग्रेस नेता के पार्थिव शरीर को मंगलवार को रायपुर लाया जाएगा, जहां उनका अंतिम संस्कार मारवाड़ी श्मशाघाट में दोपहर 3 बजे होगा। सुभाष धुप्पड़ करीब 5 दशक सक्रिय राजनीति में रहे। भूपेश सरकार ने उन्हें आरडीए का अध्यक्ष बनाया था। वे दुर्गा कॉलेज के पूर्व प्राध्यापक श्रीराम धुप्पड़ के भाई थे। सुभाष धुप्पड़ के निधन पर कांग्रेस में शोक की लहर है। नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत समेत अन्य कांग्रेस नेताओं ने उनके निधन पर गहरा दुख जताया है।

सुभाष का असमय चले जाना मेरे लिए अपूरणीय क्षति : चरणदास महंत

डॉ. चरणदास महंत ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर लिखा है कि मेरे मित्र, परम सहयोगी सुभाष धुप्पड़ के निधन का समाचार स्तब्ध कर देने वाला है। ?उनका असमय चले जाना मेरे लिए एक व्यक्तिगत और अपूरणीय क्षति है। वे एक बेहतरीन इंसान, कर्मठ सहयोगी और हमेशा प्रेरित करने वाले मित्र थे। ?इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके शोक संतप्त परिवार के साथ है। ईश्वर उनकी दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और उनके परिजन व शुभचिंतकों को यह असहनीय दुख सहन करने की शक्ति दें।

## ईवीएम के कोड पर सवाल, मनीष तिवारी बोले- राजीव गांधी के दौर में कांग्रेस लाई बदलाव



**नई दिल्ली,** 9 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। लोकसभा में चुनाव सुधार पर चर्चा की शुरुआत कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने की। मनीष तिवारी ने कहा कि देश में निष्पक्ष चुनाव कराए जाने समय की मांग हैं। उन्होंने संविधान के तहत चुनाव आयोग को मिले अधिकारों का जिक्र करके हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की सरकार के कार्यकाल में सबसे बड़े चुनावी सुधार हुए। मनीष तिवारी ने कहा, चुनाव आयोग को पूरे राज्यों में एसआईआर नहीं कराए जा सकते। उन्होंने कहा कि 1988 में कांग्रेस सरकार ने इतिहास का सबसे बड़ा सुधार कराया। उन्होंने आरोप लगाया कि आज चुनाव आयोग केंद्र के निर्देश पर काम कर रहा है। ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल खड़े करते हुए तिवारी ने कहा कि इन मशीनों का सोर्स कोड किसी और कंपनी के पास होना चिंताजनक है।




**चूहा-** सुनती हो, प्रियंका गांधी कह रही हैं कि वंदे मातरम् बहस का मुद्दा नहीं है... सरकार टाइम पास के लिए लाई है यह विषय।

**चुहिया-** हां जी, बहस तो गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा पर होनी चाहिए..!

## जिंदा पैंगोलिन के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



### एंटी पोचिंग टीम की बड़ी कार्रवाई

**गरियाबंद,** 9 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। उदंती-सीता नदी अभयारण्य की एंटी पोचिंग टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए एक जिंदा पैंगोलिन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पकड़े गए दोनों तस्कर ओडिशा के रहने वाले हैं। शेड्यूल-1 श्रेणी में शामिल इस दुर्लभ जीव की तस्करी की सूचना वाइल्डलाइफ जस्टिस कमीशन तक पहुंची थी, जिसके आधार पर संयुक्त रूप से कार्रवाई की गई।

जानकारी के मुताबिक, कमीशन के बताए गए प्वाइंट पर छत्तीसगढ़-ओडिशा बॉर्डर इलाके में घेराबंदी कर तस्करी के प्रयास में लगे दोनों आरोपियों को टीम ने गिरफ्तार किया। उनके पास से करीब 9 किलो वजनी और 40 इंच लंबा जिंदा पैंगोलिन बरामद किया गया। जिसके बाद वन विभाग ने पैंगोलिन का स्वास्थ्य परीक्षण कराया है। परीक्षण के बाद प्रशासन उसे जंगल सफारी के सुपुर्द करने की तैयारी में है। दोनों आरोपियों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

## आग से जलाकर पत्नी ने की पति की हत्या



**रायपुर,** 9 दिसंबर (हाईवे चैनल)। डीडी नगर इलाके में एक पत्नी ने अपनी पति को जिंदा जलाकर मार डाला। बताया जा रहा है 8 दिसंबर की रात पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद हुआ, जिसके बाद गुस्से में पत्नी ने पति पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा दी और दरवाजा बंद कर भाग गई। मामला डीडी नगर थाना क्षेत्र का है। आग में गंभीर रूप से झुलसे पति की इलाज के दौरान मौत हो गई। वह 70त्न तक जल गया था। जानकारी के मुताबिक, दोनों की शादी को 22 साल हो गए थे, मनमुटाव के कारण वे अलग रहते थे। पुलिस ने आरोपी पत्नी के खिलाफ हत्या का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। डीडी नगर पुलिस के मुताबिक, डीडी नगर निवासी अरुण पटवा (45 साल) 8 दिसंबर को भतीजी की शादी में शामिल होकर देर रात घर लौटा था। इसी दौरान पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर फिर विवाद शुरू हो गया।

परिजनों के अनुसार, अरुण सोने चला गया, तभी पत्नी ने उस पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी और दरवाजा बाहर से बंद कर भाग गई। आग में झुलसे अरुण ने शोर मचाया तो पड़ोसी पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। 70 प्रतिशत जल चुके घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसकी मौत हो गई। मृतक के परिजनों का कहना है कि अरुण और उसकी पत्नी की शादी करीब 22 साल पहले हुई थी। उनकी कोई संतान नहीं है। शादी के कई सालों से दंपत्ति के बीच मनमुटाव चल रहा था। पहले भी विवाद के मामले थाने पहुंच चुके हैं। परिजनों का आरोप है कि महिला ने पहले भी आत्महत्या का दबाव बनाकर परिवार को परेशान किया था।